आज दिनांक 14/08/2026 को अपराह्न 05:00 बजे स्थानीय प्रबंध समिति, ने.वि.स. की **36वीं बैठक** प्राचार्य कक्ष में आहूत की गई। बैठक मे निम्न सदस्य उपस्थित हुयेः-

| क्रम संख्या | नाम | समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 2. | डॉ. शिशिर सौरभ, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 3. | डॉ. राजेश चन्द्र गुप्ता, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | श्री रौशन कुमार बक्सी, प्रशासनिक पदाधिकारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | श्री बैद्यनाथ हेम्ब्रम, लेखपाल, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |
| 6. | श्री रामबचन रजक, प्रधान भंडारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट | सदस्य | उपस्थित |

बैठक मे उपस्थित सदस्यों द्वारा विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आवश्यक व्यवस्थागत विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा निम्नलिखित विषयों पर निर्णय/संपुष्टि प्रदान की गई :-

**01) कार्यसूची मद संख्या–01** : नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, सत्र, 2026–27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

प्राचार्य सह सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि सत्र 2026–27 की प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से प्रारंभ करने तथा सत्र के नियमितीकरण के दृष्टिगत विद्यालय द्वारा सूचना संख्या–262, दिनांक-13/08/2026 के माध्यम से अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म आमंत्रित किए गए हैं।
समिति द्वारा उक्त कार्रवाई पर विचार-विमर्श किया गया तथा विद्यालय हित एवं प्रवेश परीक्षा की समयबद्ध प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए विद्यालय द्वारा की गई उक्त कार्रवाई की सर्वसम्मति से संपुष्टि प्रदान की गई।

**02) कार्यसूची की मद संख्या–02** : विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र, 2026–27 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन सेवा प्राप्त किए जाने के संबंध मे।

प्राचार्य सह सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, सत्र 2026–27 की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सुचारु, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से संचालित करने हेतु संबंधित एजेंसी M/s Computer Ed, Ranchi से ऑनलाइन सेवा के लिए कोटेशन प्राप्त हुआ है। एजेंसी द्वारा प्रस्तुत कोटेशन संख्या-C.Ed/WSPT/2026-27/017, दिनांक - 10/08/2026 जिसकी कुल राशि ₹ 55,000/- (रुपये पचपन हजार मात्र) है, पर समिति द्वारा विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

14/8 14/8/26 14/8/26 14/8/26

प्रवेश परीक्षा की निर्धारित समय-सीमा एवं प्रक्रिया की संवेदनशीलता को देखते हुए समिति ने उक्त ऑनलाइन सेवा प्राप्त किया जाना विद्यालय के हित मे आवश्यक एवं उचित प्रतीत हुआ।

**निर्णय:**

समिति द्वारा M/s Computer Ed, Ranchi के उक्त कोटेशन, कुल राशि ₹55,000/- (रुपये पचपन हजार मात्र), की संपुष्टि/अनुमोदन प्रदान की गई तथा प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित कार्य निर्धारित शर्तों के अनुरूप एजेंसी से कराया जाना स्वीकृत किया गया।

यह भी स्पष्ट किया गया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत विवरण, आवेदन संबंधी अभिलेख एवं अन्य संवेदनशील/गोपनीय सूचनाओं की गोपनीयता, डेटा सुरक्षा एवं सुरक्षित संधारण की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित सेवा प्रदाता की होगी, तथा इस संबंध में विद्यालय द्वारा निर्धारित सभी निर्देशों एवं शर्तों का अनुपालन अनिवार्य होगा।

**03) कार्यसूची की मद संख्या–03 :** द्वितीय आश्रम हेतु 30 KVA Silent Power Genset के क्रय के संबंध में।

समिति के समक्ष द्वितीय आश्रमवर्ग मे विद्युत आपूर्ति की निरंतरता एवं आवश्यक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने अन्य आश्रमों की भाँति 30 KVA Silent Power Genset की आवश्यकता का विषय रखा गया। सम्बन्धित विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत समिति ने पाया कि विद्यार्थियों के आवासीय जीवन, अध्ययन एवं आश्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन हेतु वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था का उपलब्ध रहना आवश्यक है। अतः समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि 30 KVA Silent Power Genset का क्रय **Government e-Marketplace (GeM) के माध्यम से प्रचलित नियमों एवं वित्तीय प्रावधानों का अनुपालन करते हुए e-Bidding System के माध्यम से किया जाए।**

**निर्णय:**

द्वितीय आश्रम हेतु 30 KVA Silent Power Genset के क्रय की प्रशासनिक स्वीकृति/संपुष्टि प्रदान की गई तथा क्रय प्रक्रिया को GeM के माध्यम से e-Bidding System द्वारा, निर्धारित सरकारी नियमों, वित्तीय प्रावधानों एवं GeM की लागू शर्तों के अनुरूप संपादित किए जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

| | | |
|---|---|---|
| (रामबचन रजक,) | (बैद्यनाथ हेम्ब्रम,) | (रौशन कुमार बक्सी) |
| प्रधान भंडारी | लेखपाल | प्रशासनिक पदाधिकारी |
| (डॉ. राजेश चन्द्र गुप्ता) | (डॉ. शिशिर सौरभ) | (प्राचार्य) |
| शिक्षक | शिक्षक | नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट |